Title: Need to include Goad Caste in U.P. in the list of Scheduled Castes.

श्री दरोगा प्रसाद सरोज (लालगंज): सभापति जी, मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश में कहार जाति जिसे गोड जाति के नाम से जाना जाता है, जो पानी भरने तथा जूठा पत्तल उठाने एवं खाना बनाने आदि सेवा से संबंधित कार्य करते हैं। गांव के बीच में सहकर लोगों की सेवा कर अपनी जीविकापार्जन करते हैं। शुद्ध रूप से आदिवासी हैं। इनकी स्थिति अत्यंत दयनीय है एवं उनके साथ अछूतों जैसा व्यवहार किया जाता है। उनकी सामाजिक दशा और आर्थिक स्थिति को देखते हुए मैं सदन के माध्यम से सरकार से सिफारिश करता हूं कि गोड जाति को अनुसूचित जाति में शामिल किया जाये।